मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी مولانا آزاد نیشنل اُردو یونیورسٹی
MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY
(संसद के अधिनियम १९९८ द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा "ए" ग्रेड प्राप्त)
प्रशासन

सं.मानु/प्रशासन व शासन/मि.110/2018-19/781 दिनांक-24 जनवरी, 2019

परिपत्र

विषय : भारत के स्वंतत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में "शहीद दिवस " के अवसर पर 30 जनवरी को मौन धारण करना।

***

उच्चतर शिक्षा विभाग ,मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश अनुसार, मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के मुख्य और ऑफ कैम्पस में स्थित सभी विभागों(शैक्षणिक)/ गैर-शैक्षणिक/ केन्द्रों/ डीडीई/ प्रधानाचार्य-पॉलिटेकनीक/ और आईटीआई/ मॉडल स्कूल/ सैटेलाइट कैम्पस को यह सूचित किया जाता है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी, 2019 को पूर्वाहन् 11:00 बजे दो मिनट का मौन रखा जाता है। इसके अतिरिक्त इस दिन को मनाने के लिए निम्नलिखित स्थायी अनुदेशों का पालन किया जाना हैं :-

i. प्रतिवर्ष 30 जनवरी को पूर्वाहन् 11:00 बजे देश भर में दो मिनट का मौन रखा जाना चाहिए तथा काम और गतिविधियों को रोक दिया जाना चाहिए।

ii. जहाँ उपलब्ध हो, दो मिनट का मौन रखा जाना चाहिए तथा काम और गतिविधियाँ रोक दी जानी चाहिए। दो मिनट का मौन शुरू होने की सूचना पूर्वाहन् 10:59 बजे से 11:00 बजे तक सायरन बजाकर दी जानी चाहिए और फिर दो मिनट बाद 11:02 से 11:03 बजे तक पुनः ऑल क्लीयर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहाँ सायरन उपलब्ध हो वहाँ यही कार्यविधि अपनाई जाए।

iii. सिगनल (जहाँ उपलब्ध हों), सुनकर सभी व्यक्ति खड़े हो जाएं और मौन धारण करें। मौन धारण करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने कमरे में अथवा किसी दूसरे स्थान पर, अकेले खड़े होने के बजाए सभी व्यक्तियों द्वारा एक ही स्थान पर इकट्ठे खड़े होना अधिक प्रभावशाली होगा। फिर भी यदि कार्य में अत्यधिक अस्त-व्यस्तता होने की आशंका हो तो सबको एक जगह एकत्रित किए जाने के प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है।

iv. जिन स्थानों पर सिग्नल की कोई व्यवस्था न हो वहाँ पूर्वाहन् 11:00 बजे दो मिनट का मौन धारण करने के लिए सभी संबंधितों को उपयुक्त अनुदेश दिए जा सकते हैं।

इसलिए उपरोक्त सभी विभाग / कार्यालयों से अनुरोध है कि वे शहीद दिवस पर शहीदों के प्रति श्रध्दा-सम्मान की भावना को जागरूक करते हुए इस श्रध्दांजलि को जनता की अधिक से अधिक भागीदारी के साथ मनाएं।

कुलसचिव

सेवा में

सभी अध्ययन संकायों के डीन
सभी विभागाध्यक्ष (शैक्षिक) / केन्द्र /डीडीई /
प्रधानाचार्य- पॉलिटेकनीक एवं आईटीआई
सभी अनुभाग अध्यक्ष/ प्रभारी (गैर-शैक्षिक)
सभी विभागाध्यक्ष/ प्रभारी क्षेत्रीय केन्द्र,उप-क्षेत्रीय केन्द्र,सीटीई/
पॉलिटेकनीक/आईटीआई, मॉडल स्कूल, आदि।
} *सूचना हेतु*

प्रति

1. *कुलपति / कुलसचिव/ वित्त अधिकारी/ पीआरडी*
2. *परीक्षा नियंत्रक/ निदेशक, डीडीई*
3. *कार्यकारी अभियंता/ जनसंपर्क अधिकारी/ हिन्दी अधिकारी- उर्दू और हिन्दी अनुवाद हेतु*
4. *निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।*
5. *संबंधित मिसिल।*

गच्चीबौली, हैदराबाद - ५०००३२, तेलंगाना, भारत
प्रशासन दूरभाष फैक्स- 040-23006609,ईमेल-manuuang@gmail.com
मानू ईपीएबीएक्स- 2300-6612,13,14,15, Website : www.manuu.ac.in